# मां नर्मदा डेम घाट से शुरू हुई नई पहल : जनता ही बताएगी समस्या का समाधान, कलेक्टर ने लगाई जन चौपाल

## वार्ड 8, 9 और 10 के नागरिकों से सीधा संवाद, समस्याओं के साथ समाधान देने की अपील





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में जनसहभागिता आधारित सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सोमवार को मां नर्मदा डेम घाट पर वार्ड क्रमांक 8, 9 एवं 10 के नागरिकों के साथ जन चौपाल आयोजित की। इस अवसर पर उन्होंने च्जनता ही बताएगी समस्या का समाधानज्ज नामक नवाचार का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य केवल लोगों की समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि नागरिकों से उनके व्यावहारिक समाधान भी प्राप्त कर प्रशासन और जनता की साझेदारी से समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। जन चौपाल को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि अक्सर स्थानीय समस्याओं का सबसे बेहतर और व्यवहारिक समाधान उसी क्षेत्र के नागरिकों के पास होता है। इसलिए अब प्रशासन नागरिकों को केवल शिकायतकर्ता नहीं, बल्कि समाधान प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाएगा। उन्होंने कहा कि जन चौपाल के दौरान नागरिक अपनी समस्याओं के साथ-साथ उनके समाधान संबंधी सुझाव भी देंगे, जिन पर संबंधित विभागों के अधिकारी समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने में जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सड़क, बिजली, पेयजल, नाली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वार्ड के विकास के लिए सकारात्मक सुझाव देकर प्रशासन का सहयोग करें। जन चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। लगभग 40 से 50 लोगों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। इस दौरान कई नागरिकों ने जल निकासी, सड़क सुधार, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य स्थानीय मुद्दों पर व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों और सुझावों का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि च्जनता ही बताएगी समस्या का समाधानज्ज नवाचार को आगामी दिनों में जिले के अन्य वार्डों और क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके और प्रशासन एवं जनता के बीच विश्वास तथा संवाद को और मजबूत बनाया जा सके। जन चौपाल में पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, संबंधित वार्डों के पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर शहडोल में जश्न



शहडोल (स्वतंत्रमत)

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की शानदार विजय के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में गांधी चौक पर उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर ऐतिहासिक जीत का स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और कांग्रेस के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि दतिया की जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों, विकास और जनहित की राजनीति पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को विजयी बनाया है। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं, कांग्रेस की जनसेवा की भावना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता के स्पष्ट जनादेश की जीत है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और दतिया विधानसभा उपचुनाव का परिणाम इसका स्पष्ट संकेत है। कांग्रेस जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरने का कार्य करेगी तथा प्रदेश में आमजन, किसान, युवा, महिला और गरीब वर्ग की आवाज़ को मजबूती से उठाती रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनकी जीत से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं, शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पोंगरी निवासी बब्बू बैगा ने प्राथमिक शाला बैगान टोला के नवीन भवन निर्माण, शहडोल नंबर 8/6 निवासी सुभाष गुप्ता ने राशन दिलाए जाने, ग्राम मौहार टोला निवासी रामसुहान गौतम ने रास्ते से अतिक्रमण हटाए जाने, शहडोल निवासी विजयपाल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने तथा पुरानी बस्ती शहडोल निवासी देवदास चौधरी ने गरीबी रेखा राशन कार्ड में नाम जुड़वाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मिनिषा पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले सहित पूरे प्रदेश में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, साइकिल एवं बाइक रैली, तिरंगा मेला, रंगोली, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी तथा सैनिकों और पुलिसकर्मियों के सम्मान में पत्र लेखन जैसे आयोजन किए जाएंगे। नागरिकों को घरों, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा फहराने तथा 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। अभियान के दौरान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी शासकीय एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत का गरिमापूर्ण गायन कराया जाएगा।

# शहडोल को फिर मिले आईएएस पार्थ जायसवाल नए कलेक्टर से विकास को नई रफ्तार की उम्मीद

शहडोल (स्वतंत्रमत)



शहडोल जिले को मंगलवार को शाम नया कलेक्टर मिल गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पार्थ जायसवाल ने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। खास बात यह है कि पार्थ जायसवाल पहले भी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के रूप में शहडोल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में जिले की कार्यप्रणाली और स्थानीय आवश्यकताओं से उनकी अच्छी समझ होने के कारण आमजन और प्रशासन दोनों को उनसे बेहतर प्रशासन एवं विकास कार्यों में तेजी की उम्मीद है। पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, विकास कार्यों और शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना होगी। शहडोल में पूर्व जिला पंचायत सीईओ के रूप में कार्य करते हुए पार्थ जायसवाल ने ग्रामीण विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, पंचायतों में विकास कार्यों की निगरानी तथा प्रशासनिक समन्वय के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई थी। इसी अनुभव को देखते हुए जिले के नागरिकों को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में लंबित विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी और प्रशासन अधिक जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनेगा। पदभार ग्रहण के दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के पत्रकार, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने नवागत कलेक्टर का स्वागत करते हुए उनसे विकास कार्यों में तेजी, पारदर्शी प्रशासन और जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान की अपेक्षा व्यक्त की है।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई साप्ताहिक जनसुनवाई



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मुद्रिका सिंह एवं अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त प्रेरणा सिंह ने संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों से आएं लोगो की समस्या एवं शिकायतें सुनी तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया। जनसुनवाई में संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव, सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग राकेश खरे, सहित अन्य विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

# जनसुनवाई में 59 आवेदनों पर सुनवाई कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

## शिकायतों के साथ आवेदकों और अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, अवैध कब्जा, सड़क, बिजली, मजदूरी भुगतान, आम रास्ता, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, छात्रवृत्ति और अधूरे विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों की समय-सीमा में जांच कर प्रभावी निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत करौंदी के ग्रामीणों ने ग्राम रोजगार सहायक पर आवास प्लस सर्वे सहित विभिन्न योजनाओं में भेदभावपूर्ण कार्य करने का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की। इस पर सीईओ जिला पंचायत को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम मुकुटपुर निवासी विशाल शर्मा ने बीएसएनएल कार्य में लगी अपनी जेसीबी मशीन का लंबित किराया दिलाने की मांग की। वहीं ग्राम मुडकी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता बहाल कराने की शिकायत की। दोनों मामलों में संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। छात्रा आराधना चंदेल ने छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन प्रदर्शित नहीं होने से छात्रवृत्ति और आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की समस्या बताई। इस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, डिंडौरी के प्राचार्य को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। बरबसपुर निवासी राजेन्द्र सिंह मरावी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओझाटोला में तीन माह से लंबित मजदूरी भुगतान की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जांच कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी आवेदकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य आवश्यक जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत नियम विरुद्ध वाहनों पर पुलिस की कार्यवाही



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष वाहन चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिला यातायात पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों की सघन जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना यातायात द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच कर फैंसी एवं अमानक नंबर प्लेट, बिना आवश्यक दस्तावेज, यातायात नियमों का उल्लंघन, निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनदेखी सहित अन्य विविध कमियां पाए जाने पर 31 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में कुल 15,500 का समन शुल्क अधिरोपित किया गया।

## रक्षाबंधन पर भारतीय डाक की विशेष सुविधा, सुबह 6 से रात 8 बजे तक होगी राखी बुकिंग

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष राखी बुकिंग व्यवस्था शुरू की है। मंडला डाक संभाग के अंतर्गत सभी डाकघरों में विशेष राखी लिफाफों के माध्यम से राखियों की बुकिंग की जा रही है, ताकि देशभर में राखियां सुरक्षित एवं समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

अधीक्षक डाकघर, मंडला डाक संभाग के अनुसार, प्रधान डाकघर मंडला एवं मुख्य डाकघर डिंडौरी में प्रतिदिन सुबह 6ः00 बजे से रात 8ः00 बजे तक विशेष राखी बुकिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं अन्य सभी डाकघरों में भी विशेष राखी लिफाफों के साथ स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सुरक्षित और त्वरित बुकिंग की व्यवस्था की गई है।

डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते अपनी राखियों की बुकिंग कराएं। विभाग का कहना है कि स्पीड पोस्ट और रजिस्टर्ड डाक सेवा के जरिए राखियां देशभर में सुरक्षित एवं शीघ्रता से भेजी जा सकती हैं।

डाक विभाग ने नागरिकों से भारतीय डाक की सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह करते हुए संदेश दिया है कि स्नेह की डोर को भारतीय डाक के भरोसे सुरक्षित और समय पर अपने अपनों तक पहुंचाएं।

# 18 अगस्त से प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ : संदीप त्रिपाठी



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 10 अगस्त 2026 तक कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 18 अगस्त 2026 से पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ द्वारा जारी सूचना के अनुसार कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत लागू करना, नवनियुक्त कर्मचारियों को तीन वर्षों तक 70, 80 और 90 प्रतिशत वेतन दिए जाने की व्यवस्था समाप्त कर नियमित वेतनमान का लाभ देना, अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करना, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करना तथा ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करना शामिल हैं। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पं. अतुल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया तो 18 अगस्त से प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।

# बैगा बैगी चौराहा पहुंचे कलेक्टर निर्माणाधीन पानी टंकी का किया निरीक्षण

## प्रतिमा की मरम्मत और चौराहे की नियमित साफ-सफाई के दिए निर्देश



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर ने मंगलवार को बैगा बैगी चौराहा पहुंचकर निर्माणाधीन पानी टंकी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैगा बैगी प्रतिमा में हुई क्षति का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिमा की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश देते हुए कहा कि चौराहे की नियमित साफ-सफाई एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्थल की गरिमा और सौंदर्य बरकरार रहे। निरीक्षण के समय एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन, तहसीलदार शशांक शेण्डे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला आयुष अधिकारी पद पर पदोन्नत हुए डॉ. विनोद सिंह, विभाग में खुशी का माहौल



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** आयुष विभाग उमरिया में पदस्थ आयुष चिकित्सक डॉ. विनोद सिंह के प्रथम श्रेणी के पद जिला आयुष अधिकारी के रूप में पदोन्नत होने पर विभाग में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर मंगलवार 4 अगस्त को विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में संदीप त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र पांडेय, राकेश, लखन सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। सभी ने डॉ. विनोद सिंह के सफल नेतृत्व में आयुष विभाग के कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा अयोजित विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं का समय परिवर्तित, अब दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगी परीक्षाएँ

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा 8 अगस्त से 13 अगस्त तक आयोजित होने वाली विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के समय में संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अपरिहार्य कारणों से परीक्षा का समय परिवर्तित किया गया है। पूर्व निर्धारित समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे के स्थान पर अब परीक्षाएँ दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएँगी। यह निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया है तथा विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, परिसर प्रभारियों, परीक्षा केन्द्राध्यक्षों तथा विद्यार्थियों को संशोधित समय-सारिणी के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# घनी आबादी वाले क्षेत्र में गिरा बिजली का तार, मची अफरा-तफरी

### सिवनी शहर के हड्डी गोदाम क्षेत्र में मंगलवार दोपहर मुख्य विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया।

घटना घनी आबादी वाले इलाके में हुई, लेकिन समय रहते बिजली आपूर्ति बंद किए जाने से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया।

मंगलवार दोपहर करीब 1.15 बजे हड्डी गोदाम क्षेत्र में मुख्य बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। यह इलाका दिनभर व्यस्त रहता है और आसपास कई मकान हैं। घटना के समय कोई व्यक्ति तार की चपेट में नहीं आया, जिससे जनहानि टल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तार गिरते ही स्थानीय लोगों ने आसपास मौजूद लोगों को सतर्क किया और बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग ने तत्काल संबंधित फीडर की



बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत शुरू की।

### रहवासियों ने पुराने तार बदलने की मांग की

क्षेत्र के निवासी शाहिद खान, मोनू और अन्य लोगों ने कहा कि यदि सड़क पर पानी भरा होता या कोई व्यक्ति तार के संपर्क में आ जाता, तो गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने पुराने विद्युत तारों और खंभों का नियमित निरीक्षण कर समय पर मरम्मत कराने की मांग की।

### एई बोले- मरम्मत के बाद बहाल होगी सप्लाई

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक एई बोले- मरम्मत के बाद बहाल होगी सप्लाई

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता (एई) वरुण सारस्वत ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। सुरक्षा के मद्देनजर पहले बिजली आपूर्ति बंद की गई और उसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया। आवश्यक परीक्षण के बाद सुरक्षित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

विशेषज्ञों के अनुसार, बरसात के मौसम में तेज हवा, जर्जर तार, ढीले कंडक्टर या पेड़ों की शाखाओं के संपर्क में आने से इस तरह की घटनाएं बढ़ जाती हैं। यदि कहीं भी बिजली का तार जमीन पर गिरा दिखाई दे तो उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तुरंत बिजली विभाग को सूचना दें।

# लखनादौन पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जुआ खेलते 10 आरोपी गिरफ्तार, 50640 नगद सहित 12 मोबाइल व 3 मोटर साइकिल जब्त

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी लखनादौनअपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन पुलिस ने जुआ-सट्टे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।



दिनांक 03/08/2026 को वरिष्ठ अधिकारियों को प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना लखनादौन एवं थाना आदेगांव पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिवा विनायक रेस्टोरेंट लखनादौन के पीछे स्थित एक कमरे में दबिश दी गई।

पुलिस टीम ने मौके पर रुपये-पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे कुल 10 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। घेराबंदी कर आरोपियों के कब्जे से 50,640 नगद, 52 ताश के पत्ते, 12 मोबाइल फोन एवं 03 मोटर साइकिल जप्त की गईं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 312/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। गिरफ्तार आरोपीगण-1. प्रेमसिंह राजपूत पिता झामसिंह, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम खैरनरा 2. नितिन रजक पिता स्व. संतोष, उम्र 38 वर्ष, निवासी सुनारी मोहल्ला लखनादौन 3. शुभम राजपूत पिता पीतम राजपूत, उम्र 26 वर्ष, निवासी गंगई, थाना लखनादौन 4. शेरसिंह उर्फ गुड्डू राठौर पिता रज्जु राठौर, उम्र 30 वर्ष, निवासी पटपुरा लखनादौन 5. नीलेश उर्फ लीलाधर झारिया पिता देवीलाल झारिया, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 6. सुनील अहरवार पिता रमेश अहरवार, उम्र 44 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 02 हरिजन वार्ड लखनादौन 7. शिवम तिवारी पिता शिवप्रसाद तिवारी, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 4 कॉलेज के पास लखनादौन 8. राहुल जैसवाल पिता पीतम जैसवाल, उम्र 32 वर्ष, निवासी वार्ड नं. पेट्रोल पंप के पास लखनादौन 9. गोविन्द गोल्हानी पिता दादूराम, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम पाना बुढवानी, थाना लखनादौन 10.योगेन्द्र कुमार बरमैया पिता अरविन्द, उम्र 27 वर्ष, निवासी वार्ड 02 शंकर मंदिर के पास लखनादौन।

# राहीवाड़ा हनुमान मंदिर में दिनदहाड़े मुकुट चोरी का प्रयास, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

### बंडोल थाना बंडोल अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित राहीवाड़ा हनुमान मंदिर में रविवार शाम लगभग 4 बजे चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार दो युवक मंदिर परिसर में पहुंचे और भगवान हनुमान जी का मुकुट लेकर भागने लगे।

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। घटना का पता चलते ही मंदिर के पुजारी ने साहस का परिचय देते हुए एक आरोपी का पीछा किया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ प्रारंभ कर दी है, जबकि दूसरा आरोपी कथित रूप से मुकुट लेकर फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। दिनदहाड़े मंदिर में हुई इस घटना से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में आक्रोश और चिंता का माहौल है।

पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा चोरी गए मुकुट की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों पर पुलिस का बड़ा एक्शन रोड रोलर से कुचलकर 65 अवैध साइलेंसर किए नष्ट

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** शहर में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिवनी पुलिस ने मॉडिफाइड एवं तेज आवाज वाले साइलेंसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले तीन माह में जब्त किए गए 65 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों को सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में रोड रोलर चलाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी तथा यातायात प्रभारी विजय बघेल उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि साइलेंसरों को इस प्रकार नष्ट किया गया

## ई-गवर्नेंस समिति की बैठक में कलेक्टर ने समग्र 2.0 सहित डिजिटल सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की

# आधार पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश, बच्चों के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सोमवार को जिला ई-गवर्नेंस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने जिला ई-गवर्नेंस समिति की वित्तीय प्रगति, जिले में स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क की स्थिति, विभिन्न शासकीय कार्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी, आधार पंजीयन की प्रगति तथा विभागवार उपलब्ध आधार पंजीयन मशीनों की सक्रियता की समीक्षा की। उन्होंने पाया कि कुछ विभागों में उपलब्ध आधार पंजीयन मशीनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो रहा है। इस पर उन्होंने शिक्षा विभाग, जनजातीय



कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आधार पंजीयन मशीनों को शीघ्र शत-प्रतिशत सक्रिय किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि आधार पंजीयन से वंचित बच्चों का समयबद्ध पंजीयन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर विशेष आधार पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि बच्चों एवं उनके अभिभावकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े और सभी पात्र बच्चों का आधार पंजीयन शीघ्र पूरा हो सके।

बैठक में समग्र 2.0 के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों एवं उनकी प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि समग्र पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों का नियमित सत्यापन किया जाए तथा लंबित प्रविष्टियों एवं त्रुटियों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक बिना किसी बाधा के पहुंच सके।

बैठक के दौरान डिजिटल प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला एनआईसी कक्ष के उन्नयन, अनुभाग स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों की स्थापना तथा आवश्यक आईटी संसाधनों की उपलब्धता से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्यों में तकनीक के अधिकतम उपयोग एवं त्वरित संवाद व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इन प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें तथा ई-गवर्नेंस से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी विभाग समय-समय पर अपनी प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री सहित जिला ई-गवर्नेंस समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनवाडा पुलिस की कार्रवाई : फर्जी दस्तावेजों से जीवित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के कुशल नेतृत्व में थाना लखनवाडा पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी अभिलेख में हेराफेरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** दिनांक 29/07/2026 को प्रार्थी पटवारी गौरव गांधी पिता रामकुमार गुप्ता, निवासी तहसील कार्यालय सिवनी द्वारा कार्यालय तहसीलदार सिवनी का आदेश क्रमांक/708/री-तह/2026 दिनांक 20/05/2026 एवं जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जांच में पाया गया कि आरोपी मनोज कुमार यादव पिता धारा प्रसाद यादव, निवासी गोपालगंज ने झूठे आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं ग्राम पंचायत का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सहसकली बाई की दिनांक 15/05/1992 को मृत्यु होने का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करवा लिया था।वास्तविक जांच में स्पष्ट हुआ कि सरस्वती बाई का दूसरा नाम सहसकली बाई है, जिसे आरोपी ने छुपाया था। सहसकली बाई वर्तमान में जीवित है और ग्राम बम्हनी (गोपालगंज), तहसील सिवनी में निवास करती है। आरोपी द्वारा कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर जीवित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया गया।

प्रकरण में प्रथम दृष्टया बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 336(4) के तहत अपराध पाए जाने पर थाना लखनवाडा में अपराध क्रमांक 344/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी लखनवाडा उ.पु.अ. सी.के. सिरामे द्वारा गठित विशेष टीम ने दिनांक 03/08/2026 को समय 15.00 बजे आरोपी मनोज कुमार यादव पिता स्व. धारा प्रसाद यादव, उम्र 46 वर्ष, निवासी गोपालगंज को गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल सिवनी दाखिल किया गया है।

# अरी थाना क्षेत्र में गांव-गांव बिक रही देशी विदेशी शराब

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** मामला अरी थाना क्षेत्र का है जहां पर ठेकेदार एवं संबंधित विभाग की मिली भगत से थाना क्षेत्र के अरी गंगेरूवा गोकलपुर नएगांव शुक्ला




उसरी दौंदीवाड़ा पांडरवानी धपारा झालागोंदी जैसे अनेक ग्रामों में देसी एवं विदेशी शराब दुकान अरी का ठेका है परंतु संबंधित विभाग एवं ठेकेदार के द्वारा गांव-गांव की दुकानों में देसी विदेशी शराब को बेचा जा रहा है। परंतु पुलिस प्रशासन के द्वारा नशा से दूरी अभियान 0.2 चलाया जा रहा है लेकिन इस अभियान का मजाक बनाकर रख दिया गया है गांव-गांव शराब बिकने से छोटे-छोटे बच्चे एवं बड़े भी शराब का सेवन कर रहे हैं जिससे उनके घरों का माहौल खराब हो रहा है और यह भी है कि शराब पीने के लिए पैसे ना होने पर परिवार की महिलाओं को गाली-गलौज भी करते रहते हैं यह भी नहीं शराब पीने के लिए पैसे ना होने पर गांव में शराब खोरी के द्वारा चोरी चकारी भी करते हैं एवं घरों के बर्तन व चावल भी भेज देते हैं। विगत कुछ दिन पहले नए गांव के ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया था जिसका ज्ञापन अरी थाना प्रभारी को दिया गया था परंतु आज दिनांक तक किसी भी गांव में देसी विदेशी शराब की बिक्री बंद नहीं की गई है जिससे शराब माफिया के हौसले बुलंद हैं।

# बरघाट-लामटा क्षेत्र से नर बाघ का सफल रेस्क्यू, वन विहार भोपाल भेजा गया

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** बरघाट परियोजना परिक्षेत्र बेहरई एवं लामटा के वन क्षेत्रों से सटे गांवों के आसपास विचरण कर रहे नर बाघ पीएन-103एम का 2 अगस्त 2026 को अत्याधुनिक एआई कैमरों की मदद से सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। अभियान का संचालन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा के निर्देशन में पेंच टाइगर रिजर्व, बरघाट एवं लामटा परियोजना मंडलों तथा दक्षिण सिवनी एवं दक्षिण बालाघाट वन मंडलों के संयुक्त प्रयास से किया गया। क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व देवाप्रसाद जे. के पर्यवेक्षण में चले इस अभियान का समन्वय एस. निवेदन (डीएम, लामटा) ने किया, जबकि मैदानी रणनीति एवं क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आर.के. सोलंकी (डीएम, बरघाट) ने निभाई। वन विभाग के अनुसार यह अभियान अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि बाघ का मूवमेंट कई गांवों से लगे दुर्गम वन क्षेत्र में था। इसी क्षेत्र में सात अन्य बाघों के साथ तेंदुआ, भालू एवं जंगली कुत्तों की मौजूदगी के कारण लक्ष्य बाघ की पहचान कठिन थी। इसके लिए लगभग 80 अत्याधुनिक एआई कैमरे लगाए गए तथा डीएनए नमूनों और कैमरों से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर बाघ की पहचान सुनिश्चित कर रेस्क्यू की अनुमति प्राप्त की गई। करीब दो माह तक चले अभियान में लगभग 60 वन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने लगातार कार्य किया। दुर्गम क्षेत्रों में अभियान संचालित करने के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व के दो तथा पेंच टाइगर रिजर्व के एक हाथी का उपयोग किया गया। पिछले चार माह में वन्यजीव-मानव द्वंद की घटनाओं से क्षेत्र में फैले भय के बीच वन अमले ने कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए अभियान को सफल बनाया।

बाघ को पेंच टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा एवं वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट (डब्ल्यूसीटी) के डॉ. प्रशांत देशमुख ने सुरक्षित रूप से बेहोश कर रेस्क्यू किया। चिकित्सकीय परीक्षण में बाघ का वजन लगभग 240 किलोग्राम, अनुमानित आयु करीब 9 वर्ष तथा स्वास्थ्य सामान्य पाया गया। आवश्यक परीक्षण एवं औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक की अनुमति से बाघ को सुरक्षित रूप से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 7 अगस्त से जिलेभर में होगा शुभारंभ

### कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश,

### हर शुक्रवार फील्ड में रहेंगे अधिकारी

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग तथा लोक सेवाओं को समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त 2026 से किया जाएगा। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक जिलेभर में संचालित होगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में संबंधित जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अभियान की विस्तृत कार्ययोजना, विभागवार दायित्व एवं मैदानी गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य प्रशासन को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाते हुए आमजन तक शासन की सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कार्यालयों के बजाय गांवों और नगरीय क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करें तथा प्राप्त शिकायतों का अधिकतम निराकरण मौके पर ही सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि अभियान की अवधि में प्रत्येक शुक्रवार सभी जिला एवं मैदानी अधिकारी अनिवार्य रूप से फील्ड में रहेंगे। इस दिन जन-संवाद, निरीक्षण एवं शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। भ्रमण से पूर्व संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण की तैयारी भी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती मीना ने बताया कि अभियान के तहत 7 अगस्त 2026 को जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत हथनापुर में जिले का पहला जन-संवाद एवं समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# स्थान बदला है, मकसद नहीं के संदेश के साथ वन विभाग ने दी भावपूर्ण विदाई

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानांतरित एवं पदोन्नत अधिकारियों-कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित विदाई एवं स्वागत समारोह भावनात्मक और प्रेरणादायी माहौल में संपन्न हुआ। समारोह में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विदाई गीतों के बीच सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। समारोह में एसडीओ मनेंद्र सिंह जयंत छपारा से बैतूल (सारणी), अजय वाहने बैतूल से छपारा, राम शर्मा छतरपुर से वन विद्यालय लखनादौन, रुचि पटेल के शिकारा से पेंच अभयारण्य, स्वाती सिन्हा के सिवनी उत्पादन से छपारा तथा शरद सिंह के छपारा से शिकारा स्थानांतरण का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके अलावा पदोन्नत एवं स्थानांतरित कर्मचारियों में डिप्टी वनपाल संजय स्थापक, ममता नेताम, ज्योति भलावी, मुकेश तिवारी, विनोद परस्ते, शिवप्रकाश अहिरवार, वीरेन्द्र ठाकुर, मस्तराम



बर्मन, सुरेश परते, चंद्रपाल वंशलाल, आशीष गुमाश्ता, लक्ष्मण भारती, नंदकिशोर बरकड़े सहित अन्य कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडल अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह उइके ने कहा स्थान बदला है, मकसद नहीं। हमारा ध्येय प्रकृति का संरक्षण है, जिसे हम हर नई जिम्मेदारी के साथ और अधिक समर्पण से निभाएंगे।

दक्षिण वन मंडल अधिकारी गौरव मिश्रा ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। अच्छाई का विस्तार समाज में होना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचना चाहिए। अपर वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कर्तव्य को रिले रेस की संज्ञा देते हुए कहा कि एक अधिकारी जहां से अपनी जिम्मेदारी पूरी करता है, वहीं से दूसरा अधिकारी उसे आगे बढ़ाता है। यही सेवा की निरंतरता और विभाग की सबसे बड़ी ताकत है। समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्थानांतरित एवं पदोन्नत साथियों का पुष्पमालाओं से सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता, सम्मान और प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर कोतवाली पुलिस की सख्त कार्रवाई

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 28/07/2026 को थाना कोतवाली के सामने नागपुर-जबलपुर रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान एक मारुति वैगनार क्रमांक एमपी 22 सीए 4759 को लहराकर चलाते हुए रोका गया। वाहन चालक के मुंह से शराब की दुर्गंध आने पर उसका नाम पता पूछा गया। जिस पर चालक ने अपना नाम चन्द्रकुमार धुर्वे पिता नाथूराम धुर्वे, उम्र 46 वर्ष, निवासी भैरोगंज सिवनी बताया। संदेह के आधार पर चालक का ब्रीथ एनालाइजर मशीन से टेस्ट कराया गया, जिसमें एल्कोहल की मात्रा सामान्य से अत्यधिक पाई गई।

पुलिस ने आरोपी चालक चन्द्रकुमार धुर्वे के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन मारुति वैगनार क्रमांक एमपी 22 सीए 4759 को विधिवत जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।

# एम्प्लॉयी ऑफ द मंथः चित्रा परते और बबीता कुशवाहा बनीं जिले की पहली सम्मानित कर्मचारी

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अभिनव पहल, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का हर माह होगा सम्मान**

**सिवनी, स्वतंत्र मत।** जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की मेहनत को अब नई पहचान मिलेगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अभिनव पहल पर शुरू की गई एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ योजना के तहत प्रत्येक माह विभिन्न विभागों के ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने जनहित में अपने दायित्वों का उत्कृष्ट, नवाचारपूर्ण और समर्पित भाव से निर्वहन किया हो। इस पहल के तहत सोमवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की आशा कार्यकर्ता श्रीमती चित्रा परते तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बबीता कुशवाहा को जुलाई-2026 का एम्प्लॉयी ऑफ द मंथ प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रीमती चित्रा परते, जो विमला नगर (भोमा) क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, ने दस्तक अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत चिन्हांकन एवं स्वास्थ्य स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने एफआरएस एवं आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी का शत-प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित कर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान दिया। वहीं श्रीमती बबीता कुशवाहा, जो आंगनवाड़ी केन्द्र कोयलामढ़ी में कार्यरत हैं, ने अपने केन्द्र के हितग्राहियों के एफआरएस , एबीएचए एवं अपार आईडी का 100 प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करते हुए 9 हितग्राहियों का पंजीयन कराया तथा 5 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने कहा कि प्रशासन की वास्तविक पहचान उसके मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्य से बनती है। ऐसे कर्मियों के समर्पण और उत्कृष्ट कार्य को पहचान देना आवश्यक है, ताकि उनका मनोबल बढ़े और अन्य कर्मचारी भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों।